# CENTRE FOR ALL ROUND DEVELOPMENT (CARD)

## ANNUAL ACTIVITY REPORT

## (2019-2020)




❖ REGD. OFFICE: AT + P.O. WAINI (PUSA ROAD)

DIST. – SAMASTIPUR, BIHAR, PIN – 848131

❖ ADMIN. OFFICE: INDRADEO PATH, EAST OF R.N.A.R.COLLEGE, SAMASTIPUR – 848101

सामाजिक सरोकारों के पैरोकार, गॉधी – दर्षन से अभिभूत एवं समानता की वकालत करनेवालों की एक जमात  द्वारा कार्ड की स्थापना गॉधी जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2002 को की गई। षोषितों, वंचितों के हक एवं अधिकार के लिए जूझते संघर्षरत साथियों को जब सांमतवादी सोच वाले संस्थाओं से बाहर का रास्ता दिखाया गया, तो अभिवंचना के पक्षधर साथियों द्वारा इसकी आधारषीला रखी गई। दो वर्ष के सफरनामें में गरीब–गुरबों की आवाज बनकर उभरे इस पहल को निबंधित संस्था के रूप में 9 दिसम्बर 2004 को सोसाईटी, रजिस्ट्रेषन एक्ट 1860 के अर्न्तगत मान्यता मिली।

अपनी स्थापना काल से ही संस्था षिक्षा के अधिकार के सवाल पर सतत् प्रयत्नषील रही है। क्योकि षिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है। बाबा साहेब ने भी अभिवंचना को दूर करने के लिए तीन वाक्यों का सृजन किया था। "षिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित बनों''। इन विचारों से प्रेरित होकर षिक्षा से वंचित तबको के बीच षिक्षा के प्रसार, प्राथमिकषालाओं तक उनकी पहूॅच, नामांकन, ठहराव, गुणवत्तापूर्ण षिक्षा इत्यादि मुद्दों पर संस्था अपनी क्षमता एवं उपलब्ध संसाधनों के साथ कार्यक्षेत्र मे लगातार हस्तक्षेप करती आ रही है। इसी तरह स्वास्थ्य, कुपोषण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर भी संस्था जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। इसके अलावा वंचितों की गरिमा के सवाल एवं समाज की मुख्य धारा से जुड़ाव, महिलाओं की स्थिति परिस्थिति पर चर्चा एवं सषक्तिकरण, घरेलू हिंसा, घटते लिंगानुपात एवं आपदा प्रबन्धन के क्षे़त्र में संस्था की सराहनीय भूमिका रही।



## Action aid Association:

**विद्यालय के सुरक्षा मानकों का अंकेक्षण :-**

माननीय मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार को पहला राज्य होने का गौरव प्राप्त है  जहाँ आपदा का रोडमैप बना है गाँव एवं विद्यालय स्तर पर कमिटी एवं MOCK DRILL का आयोजन किया जाता है युनिसेफ के साथ एवं लम्बे अरसे ls भागीदारी रही है यह इलाका बाढ़ प्रवर क्षेत्र है अतःएव इन कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर ले जाने की आवश्यकता है | कार्यक्षेत्र को 10 विद्यालयों में सुरक्षा मानक से सम्वान्धित अंकेक्षप किया गया | Hazard Hunt exercise द्वारा खतरों की पहचान, उसमें निपटने की योजना का निर्माण एवं उसे सरकारी विभाग तक पहुचाने  कीप्रकिया का सफल आयोजन किया गया |



**बाल दिवस का आयोजन**:-

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल-दिवस के अवसर पर पूसा और कल्याणपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के बीच विभिन्न

तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों केंद्र में रही | कुर्सी दौर, सुई,धागा, कबड्डी इत्यादि का आयोजन कर प्रथम,



द्वितीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कार वितरण किया गया | सभी विद्यालयों के शिक्षको  की अहम् भूमिका रही जिसके फलस्वरूप कार्यक्रम का सफल संचालन हो पाया |

**मनरेगा पर प्रखंड-स्तरीय अंतरसंवाद** :- कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय पर अंतरसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया | सरकार की एक अति मह्त्वाकांक्षी योजना होने के नाते काम के इक्छुक लोगों की पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया | इक्षित व्यक्ति  काम का आवेदन कैसे और कहाँ करेंगे लंबित भुगतान के लिए किससे मिलेंगे इत्यादि बिन्दुओं पर बिस्तार से चर्चा की गई |




**गरिमा- सम्मलेन:-**1st मई मजदुर दिवस के अवसर पर गरिमा सम्मलेन का आयोजन किया गया | जिसमें 217 प्रतिनिधियों की भागीदारी रही | कार्यक्रम को जि०प० अध्यक्ष प्रखंड प्रमुख के अलावें अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने शिरकत की | समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अलख जगानेवाले पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया |

**विद्यालयों आपदा प्रबन्धन समिति का उन्मुखीकरण**:- 10 विद्यालयों में संस्था द्वारा गठित विद्यालयों आपदा प्रबंधन समिति सदस्यों का उन्मुखीकरण किया गया | विभिन्न आपदाओं से बचने के तरीको एवं इस कमिटी में क्रियाकलापों पर प्रकाशडालागया | समय-समय पर नये-नये खतरों की पहचान एवं उससे निजात के लिए योजनाओं का निर्माण जैसें मुद्दे पर सदस्यों को बताया गया, BSDMA एवं DMD बिहार सरकार के गाइड लाइन के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया | विद्यालयों में हर वर्ष कुछ नयें सदस्य इस कमिटी में चुन कर आते हैं | चूँकि UPPER CLASS के बच्चें विद्यालय से PASSOUT होते है अतएव एक SHADOWCOMMITTE का निर्माण एवं उन्मुखीकरण भी किया गया |




**<u>शिक्षा समिति सदस्यों का उन्मुखीकरण</u>**:- पूसा और कल्याणपुर प्रखंड में दो बार प्रखण्ड स्तरीय शिक्षा समिति का उन्मुखीकरण किया गया | प्रथम चरण में बाल–विवाह और बाल मजदूरी की रोकथाम में शिक्षा समिति में सदस्यों की भूमिका एवं जवाबदेही पर चर्चा की गई एवं पंचायत इकाई के साथ-साथ स्थानीयस्तर पर सरकारी विभाग से समन्वयकीरण नीति तैयार की गई वही दूसरे चरण में विद्यालय से बाहर के बच्चों का विद्यालय से जुराव की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया | सामाजिक मानचित्र के माध्यम से बच्चों के ट्रैकिंग की जवावदेही सम्भंधित SMC सदस्यों को दी गई | शिक्षा चूँकि मौलिक अधिकार है अतएव सभी बच्चों विद्यालय से जुड़े रहे | यह कार्यक्रम इसी पर केन्द्रित रहा | गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्ति में भी शिक्षा समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया |



- **बाल श्रम मुक्त क्षेत्रो के लिए अभियान** :- पूसा एवं कल्याणपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में बाल श्रममुक्त क्षेत्र के लिए मुखिया एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अभियान चलाया गया | जिसमे वार्ड-सदस्य को वार्ड स्तर पर बाल-श्रमकी पहचान की जिम्मेदारी दी गई साथ हीं इस मुद्दों को ग्राम-सभाके द्वारा प्रचारित कर न`लिए निर्णय लिया गया जिससे सारे लोग बालश्रम की स्थिति को समझ सके | एवं इस में उन्मूलन हेतू समेकित प्रयास कर सकें | महमदा पंचायत की मुखिया गीता देवी नें तुरंत ग्राम- सभा बुलाने की पहल की | परिणामस्वरूप बाल-श्रम के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता बढीं है | फलस्वरूप बच्चों का नामाकंन एवं ठहराव में इजाफा हुआ हैं |
- **TRANING OF INITERNAL COMPLAINT COMMITTEE TO PREVENT SEXUAL HARASSMENT OF WOMEN AT WORKPLACE FOR BLOCK LEVEL GOVERNMENT WORKERS**:-पूसा एवं कल्याणपुर प्रखंड में सरकारी पदाधिकारी, के साथINITERNAL COMPLAINT COMMITTEEकी बैठक की गई | पूसा में इस कार्यक्रम की अध्यक्ष्यता प्र० वि० पदा० रौशन कुमार ने की जिनमें महिला बालविकाश पदा० स्वा० विभाग से सभी डॉक्टर ANM की मोजुदगी रही | इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस COMMITTEEका गठन एवं इसकी क्रियाशीलता पर केन्द्रित रहा वैसे सभी कार्य-स्थल जहाँ महिलओं एवं पुरुष कार्यरत हो वहाँ किसी भी तरह केSEXUAL HARASSMENT की स्थिति में यह कमिटी त्वरित कारवाई के लिए अधिकृत रहेगी |

कार्यक्रम से प्रभावित होकर श्री रौशन कुमार नें प्रखंड स्तर पर अविलम्ब इस कमिटी में गठन के लिए हामी भरी |

बाढ़-राहत:- कल्याणपुर एक अति बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है | अतएव इस वर्ष भी बाढ़ की विभीषिका से लोग बेहाल हुए | संस्था अपनी सीमित संसाधनों के सहारे कुल 60 परिवारों को सुखा राशन का वितरण किया |



**VAW COMPAIN** :- महिलाओं एवं बालिकाओं पर होनेवाली हिंसा के विरुद्ध दिनांक 25 NOV से 10 DEC तक प्रति वर्ष होनेवाली अभियान में संस्था की मुख्य भागीदारी रही | कार्य-क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गाँव के पंचायत प्रतिनिधि महिला मोर्चा एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ सघन अभियान चलाया गया, साथ ही मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संभाषण, चित्रांकन, निबंध के माध्यम से होने वाली हिंसा के स्वरूप और चरित्र रूप पर प्रकाश डाला गया | प्रत्येक विद्यालय से प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता प्रतिभागी को प्रदान किया गया | इस तरह के सतत अभियान से हिंसा मुक्त समाज की एवं समझ विकसित होती है | साथ ही पंचायत प्रतिनिधि के साथ-साथ ग्राम कचहरी के सदस्य अब ज्यादा इन सवालों पर मुखर हो रहे है | ग्राम-कचहरी में शिकायतोंकी संख्या बढ़ी है इससे जाहिर होता है

महिलाये घर की दहलीज़ से बाहर निकल रही है |



**ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर कार्यशाला**:- ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर लदौरा में दिनाकं 28-11-2019 को कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 150 से ऊपर महिलाओं की भागीदारी रही | ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का खाशकर कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन कमोबेशउनकी भूमिकाओं को नज़रअंदाज ही किया जाता है इस कार्यशाला के माध्यम से उनके कार्यों की सराहना एवं अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को पटल पर रखा गया | महिला हेल्प लाइन की प्रतिनिधि , पंचायत प्रतिनिधियों नें भी इनके कार्यों की सराहना की | क्षेत्र की महिलायें



सामुहिक कृषि एवं दुकान चला रही है जिन्हें शाल देकर इस कार्यशाला में सम्मनित किया गया |

**लेवर कार्ड के लिए अभियान**:- प्रायः देखा जाता है की क्षेत्र के पुरुष काम के लिए पलायन करते हैं लेकिन उनकी सूचि न तो पंचायतों के पास होती है और न हीं उनमें नियोक्ता का कोई अतः पता होता है परिणामस्वरुप वो तमाम तरह की सुविधाओं से वंचित रह जाते है |

विचौलिया इसका सीधा फायदा उठाते है इसके समाधान की दिशा में एक कदम आगे चलते हुये, विभिन्न पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई | वार्ड सदस्य को अपने वार्ड से पलायन करने वालों की सूची एवं कहाँ जायेंगें इसका ब्योरा रखने की जिम्मेदारी दी गई |

**NOMI NETWORK INDIA:**

संस्था द्वारा  नोमी नेटवर्क के सहयोग से फारविसगंज में महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण हेतू, SKILL DEVELOPMENT COURSE की शुरुआत अप्रैल 2019 से की गई है | गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर करने वाले महिलाओं एवं बालिकाओं को केंद्र में रख कर इसकी शुरुआत की गई | प्रशिक्षण में सिलाई, कंप्यूटर,Moral education,प्रारम्भिक स्वाश्थ्य शिक्षा,LIFE SKILL प्रशिक्षण ,एवं Trade training का सफलता पूर्वक संचालन किया गया | प्रारम्भिक चरण में संस्था का फोकस 80% LIFE SKILL TRANNING और 20% TRADE के प्रशिक्षण पर केन्द्रित रहा | इस वर्ष 2 BATCH का प्रशिक्षण दिया गया | प्रत्येक BATCH के 50 महिलाओं एवं लड़कियों का SELECTION किया गया |

## प्रशिक्षण का Focus Point.

LIFE SKILL TRANNING:

1. BASIC HYGIENE
2. TIME MANAGEMENT
3. MONEY MANAGEMENT
4. Communication

5. Confidence building
6. Critical thinking skill
7. Team building
8. Problem solving

## TRADE TRANNING

1. Measuring
2. Basic stitching
3. Basic pattern
4. Basic business concept
5. Creative exercise







प्रथम चरण में प्रशिक्षण उपरांत उनके vocational training in computer Application, cutting and tailoring, Beautician काप्रशिक्षणदिया गया |द्वितीय चरण का प्रशिक्षण सरकार समर्पित संसथान को PM KVY AND OTHER STATE GOVT supported प्रोग्राम से जोड़ा गया | द्वितीयचरण के प्रशिक्षण उपरान्त विभिन्न नियोक्त के पास व्यक्तिगत संपर्क द्वारा 30 हितभागी को JOB दिलवाया गया |

- इसके अलावे इस वर्ष 5 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया | विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा  सभी लाभान्वित का पूर्व चेक-अप एवं दवाई मुफ्त में वितरित किया गया |

- जनवरी से मार्च के बीच किशोरियों के लिए  महिला चिकित्सक द्वारा स्पेशल स्वास्थय शिविर का आयोजन किया गया | जिसमें स्वास्थय से जुड़ी समस्या जो

उनको द्वारा प्राय: किसी को बताया नहीं जाता है | महिला डॉक्टर होने के नाते खुलकर बात सबों ने की | SENAITRY PAID के सही इस्तेमाल, एवं रखरखाव इत्यादि पर महिला चिकित्सक द्वारा बहुत बारीकी से समझाया गया |

- नवम्बर 2019 में सभी प्रशिक्षु, स्टाफ एवं अन्य समुदाय के साथ एक दिवसीय




LEGAL CAMP का आयोजन किया गया | अररिया कीअधिवक्ता रीता घोष द्वारा महिलाओ की सुरक्षा में बने विभिन्न कानूनों के बारे में चर्चा की एवं अपना हर वक्त सहयोग देने की बात कही |

फारबिशगंजबाढ़प्रवरक्षेत्र है | प्राय : बाढ़ से जान माल एवं आजीविका के श्रोत





प्रभावित होते है इस कठिन वक़्त में संस्था 300 परिवारों के बीच सुखा राशन किट के साथ लाभार्थियों तक अपने कमितेट कार्यकर्ताओं के बल पर बितरित करने में सफलता प्राप्त की |

- जनवरी 2020 में संस्था द्वारा फारबिसगंज में विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया | नुक्कड़ नाटक मुख्य रूप से शोसल हराशमेंट, CHILD




MARRIGE, CHILD LABOUR &बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे सामाजिक मुद्दों पर केन्द्रित रहा | इस अभियान का व्यापक प्रमाद आम जन-मानस पर हुआ हैं |









- Our **CARD** office time to time organizes special events during training period.
- **<u>These are some Medical Health Camp photographs</u>**








बिहार जागे... देश आगे

# प्रभात खबर

## अररिया जिला

न्यूज अपडेट

उद्घाटन करते संस्थापक व अन्य.

### कौशल विकास कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन

**फारबिसगंज.** महिलाओं व किशोरियों को सरकार के योजनांतर्गत कौशल विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दे कर उसे स्वालंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिये राममनोहर लोहिया पथ बस स्टैंड के समीप जगदीश मिल परिसर में स्थित कार्ड कार्यालय में कार्ड के संस्थापक पारसनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन कर कौशल विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि कर्नल अजित दत्त, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए नोमी नेवर्क के एसपीएम शंकर कुमार, समाजसेवी रजत रंजन उर्फ राजू साह सहित अन्य ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर बताया गया कि ये इस वर्ष के द्वितीय कौशल विकास कार्यक्रम का उद्घाटन व इसके तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हो रहा है. इसमें सभी वर्गों के लगभग 50 महिलाओं व किशोरियों को कार्ड संस्था अपने कार्यालय में तीन महीने तक प्रशिक्षण देने के बाद सरकार द्वारा संचालित जेआईपी केंद्रों से जोड़ कर उन्हें रोजगार मुहैया कराने का काम करेगी. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीविका के शुभरंजन कुमार, अमित भास्कर, शुभेंदु सुमित सहित अन्य मौजूद थे.



आप पढ़ रहे हैं देश का एकमात्र नो निगेटिव अखबार

# दैनिक भास्कर

आज नो निगेटिव अखबार

### कार्ड संस्था महिलाओं व किशोरियों को बनाएगी आर्थिक रूप से स्वावलंबी

फारबिसगंज के जगदीश मिल परिसर में मिलेगा रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण

**प्रथम चरण में 50 प्रशिक्षुओं को किया चिह्नित सत्र पूरा होते ही शुरू होगा दूसरा चरण**

भास्कर न्यूज | फारबिसगंज

दीप प्रज्वलित कर कार्ड संस्था का उद्घाटन करते अतिथि।

महिलाओं एवं किशोरियों को कौशल विकास के जरिये प्रशिक्षण देकर आर्थिक लाभ के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने की दिशा में स्थानीय जगदीश मील परिसर में कार्ड संस्था का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं किशोरियां मौजूद थी। इस मौके पर कार्ड संस्था के संस्थापक पारसनाथ सिंह ने अपने संबोधन में संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं एवं किशोरियों को कौशल विकास के तहत रोजगार से जोड़कर सशक्त बनाने के उद्देश्य से संस्था का कार्यालय खोलने की महत्ता पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। उन्होंने जानकारी देते हुए प्रथम चरण में सर्वे के आधार पर 50 महिलाओं एवं किशोरियों को चिह्नित करने की बात कही। उन्होंने प्रशिक्षण का पूरा सत्र सात महीने में सम्पन्न होने के बाद पुनः पचास महिलाओं को चिह्नित कर प्रवेश लिये जाने की जानकारी दी। जबकि मौके पर मौजूद नोमी नेटवर्क के बिहार समन्वय शंकर कुमार ने संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को सिर्फ आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना ही नहीं बल्कि उनके सभी समस्याओं का समाधान करना खास मकसद बताया। कहा कि महिलाओं को रोजगार की दिशा में सशक्त बनाने के लिए ही संस्था का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर कार्ड की सचिव सुषमा सिंह, अंजना सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर देवाशीष मंडल, शुभेंदु सुमित सहित अन्य प्रशिक्षु थे। संचालन गुलाम यासीन ने किया।



बिहार जागे... देश आगे

# प्रभात खबर

भागलपुर । पटना । मुजफ्फरपुर । गया । रांची । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । कोलकाता । सिलीगुड़ी से प्रकाशित

### कौशल विकास कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि.

**प्रतिनिधि** ▷ फारबिसगंज

महिलाओं, किशोरियों को आत्मनिर्भर व स्वालंबी बनाने के लिए शहर के जगदीश मिल परिसर में स्थित सेंट्रल फॉर ऑल रूरल डेवलपमेंट अर्थात कार्ड व नोमी नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर संस्था कार्ड के संस्थापक पारसनाथ सिंह, सचिव सुषमा सिंह, अंजना सिंह, नोमी नेटवर्क के बिहार राज्य समन्वयक शंकर कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर देवाशीष मंडल सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस मौके पर मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए संस्था के लोगों ने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि कौशल विकास कार्यक्रम के तहत महिलाओं व किशोरियों को आत्म-निर्भर व स्वालंबी बनाने के लिए के रोजगार का अवसर प्रदान किया जाय. उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में सर्वे के आधार पर 50 महिलाओं व किशोरियों को चिह्नित किया गया है, जिनका पूर्ण प्रशिक्षण का सत्र सात महीने का है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, किशोरियां के अलावा गणमान्य लोगों में रजत रंजन उर्फ राजू साह सहित अन्य मौजूद थे.

**धन्यवाद**